## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज सवेरे यहां मंत्रालय में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक राजीव राय भटनागर ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेट किया।

### एटीएम कार्ड का डिटेल व ओटीपी नंबर लेकर 2500 रूपये की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में परवेज गैस एजेंसी के संचालक से उसकी कंपनी के दो ग्राहकों के बैंक खातो का डिटेल लेकर उनके खातों से कुल 2500 हजार रूपये निकालकर ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। शांतिनगर टाटीबंद निवासी विशाल साह परवेज गैस एजेंसी का संचालक है। उसने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसे आरोपी मोबाईल फोन नंबर 9016063282 का धारक ने उसे साझे में लेकर उससे उसकी कंपनी के दो ग्राहकों का आधार कार्ड नंबर के साथ-साथ एटीएम कार्ड नंबर एवं ओटीपी नंबर ले लिया और फिर उनके खातों से 600 रूपये एवं 1900 रूपये कुल 2500 रूपये आहरण कर धोखाधड़ी की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। जांच जारी है।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**भिलाई (आरएनएस)।** नेशनल हाइवे 53 से लगे सर्विस रोड में बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कुम्हारी सर्विस रोड में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हुई। जिसमें रावतपुरा सरकार कॉलेज की ओर से आ रहे बाइक चालक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं विपरीत दिशा से आ रहा बाइक सवार दुर्घटना के बाद घायल युवक को तड़पते हुए छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अवैध उत्खनन में लगे हाइवा सहित 14 वाहन जब्त

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन में लगे हाइवा सहित 14 वाहनों को जब्त किया है। जब्त वाहनों में 3 चैन माउंटिंग मशीन, 7 हाइवा, 4 ट्रैक्टर सहित 14 वाहन पकड़े गए हैं। कार्रवाई के दौरान एसडीएम, पुलिस एवं माइनिंग विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार रात 3 बजे ग्राम बम्हनी एवं चिंगरौद में अवैध रूप से संचालित रेत घाट में छापामार कार्रवाई की। टीम ने मौके से 3 पोकलेन मशीन (एक्सकेवेटर), 7 हाइवा 3 भरा एवं 4 खाली तथा 4 ट्रैक्टर रेत के अवैध परिवहन हेतु लगे पाया जिसे जब्त किया गया है। कार्रवाई में पकड़े गए 4 हाइवा एवं 4 ट्रैक्टरों को टीआई की अभिरक्षा में दिया गया है। जब्त वाहनों एवं अवैध उत्खननकर्ताओं के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### रेड सिग्नल नियम का उल्लंघन कर ट्राफिक पुलिस कर्मी से उलझने वाले 3 युवको के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** यातायात सिग्नल का उल्लंघन कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी से उलझने वाले बाइक सवार तीन युवकों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में अपराध दर्ज किया है। देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह 11 बजे एक मोटरसायकल में सवार 3 युवक रेड सिग्नल होने के बावजूद रोड क्रास कर रहे थे जिसे वहां तैनात पुलिस कर्मी धनंजय वर्मा 27 वर्ष ने उन्हें रोक लिया। इस बात पर मोटरसायकल सीजी04 एलएन0116 पर सवार युवकों ने पुलिस कर्मी से विवाद करते हुए झुमा-झटकी करते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। पुलिस कर्मी की शिकायत पर देवेन्द्रनगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 186, 353, 332 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# राज्य में अब सभी परिवारों के लिए बनेगा राशन कार्ड

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज संपन्न हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में फूड फॉर ऑल स्कीम के तहत अब प्रदेश के सभी परिवारों के लिए राशन कार्ड मिलेगा, वहीं जिन परिवारों को अभी 35 किलो चावल प्रति माह मिल रहा है, उन्हें अब प्रत्येक सदस्य के हिसाब से 7 किलो चावल दिया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा के अधिकार के तहत अब बच्चों की 12वीं तक की पढ़ाई की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

भूपेश मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम फैसले लिए गए। प्रदेश के किसानों को एक बड़ी सौगात देते हुए राज्य सरकार ने बकाया कर्जमाफी का निर्णय लिया है, इसके तहत कुछ बैंकों की सूची बनाई गई है, जहां से किसानों ने कर्ज लिया है। राज्य सरकार की मंशा है कि किसानों के इन कर्ज का आधा हिस्सा वह स्वयं वहन करे और आधा हिस्सा किसान जमा करे। इस तरह से कृषक वर्ग कर्ज से मुक्त होगा और भविष्य में अन्य जरूरतों के लिए फिर से लोन आदि के लिए स्वतंत्र हो जाएगा।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में बदलाव को लेकर भी मंत्रिपरिषद में चर्चा हुई। चर्चा में यह निर्णय लिया गया कि अब प्रदेश के सभी परिवारों के लिए राशन कार्ड बनाया जाएगा। वहीं पूर्व में जिन परिवारों को 35 किलो प्रति माह चावल दिया जा रहा था, ऐसे परिवारों को अब प्रत्येक सदस्य के हिसाब से 7 किलो चावल

**परिवार में 5 से ज्यादा सदस्य हुए तो प्रति व्यक्ति के हिसाब से मिलेगा 7 किलो चावल**



दिया जाएगा। इसमें प्रावधान इस प्रकार किया गया है कि दो व्यक्ति के परिवार को 20 किलो, 3 व्यक्ति के परिवार को 35 किलो और 5 सदस्य से ज्यादा होने पर उस परिवार को 7 किलो प्रति सदस्य के हिसाब से चावल प्रदान किया जाएगा। ऐसे परिवार जिनके पास पुराने राशन कार्ड हैं, उन्हें उसी कार्ड से राशन दिया जाएगा, परंतु सभी परिवारों को फिर से नया राशन कार्ड बनवाना जरूरी होगा। पीडीएस के तहत वितरित होने वाली शक्कर भी दिया जाएगा। वर्तमान में कारखानों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है, परंतु विक्रय काफी कम है। इससे कारखानों की वित्तीय स्थिति भी खराब हो चली है। इनकी वित्तीय स्थिति सुधारने राज्य सरकार ऐसे कारखानों से भारत सरकार द्वारा तय दाम के अनुसार शक्कर खरीद कर पीडीएस के माध्यम से वितरित करेगा। इससे जनता को जहां सुलभता से शक्कर प्राप्त होगा तो वहीं कारखानों की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

नक्सल हमले में शहीद हुए बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा के पुत्र आशीष कर्मा को शासकीय सेवा में लेने पिछली बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ था। इस प्रस्ताव पर आज यह निर्णय लिया गया कि आशीष कर्मा को डिप्टी कलेक्टर बनाया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास प्राधिकरण के कार्यों व दायित्वों में भी वृद्धि की गई है। अब दोनों ही प्राधिकरण अपने तय दायित्वों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वरोजगार, कौशल उन्नयन जैसे काम भी करेगा ताकि इस वर्ग में आने वाले युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

कैबिनेट में अटल नगर विकास प्राधिकरण का नाम बदलकर इसके आगे नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण किए जाने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी है। अशासकीय स्कूलों में प्रवेश शुक्ल को लेकर मिलने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा जो कि प्रवेश शुक्ल का निर्धारण करेगा। इसके अलावा राज्य में बिजली, खरीफ फसल की तैयारी सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुआ तथा अन्य निर्णय लिए गए।

## सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में नक्सलियों का हथियार बरामद



**गरियाबंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के ताराझर पहाड़ी पर सर्चिंग पर निकले जवानों को आज बड़ी सफलता हाथ लगी। जवानों को यहां भारी मात्रा में नक्सली सामान जब्त हुआ है। सर्चिंग के दरम्यान पुलिस को नक्सलियों के मौजूदगी के संकेत मिले थे। इसी दौरान पुलिस को 1 देशी रॉकेट लॉन्चर, 1 एयर गन, 2 भरमार बंदूक, 1 देशी रिवाल्वर, 5 नग जिलेटिन, 8 नग जिंदा कारतूस, देशी हैंड ग्रेनेट, हथियार बनाने के औजार, नक्सली साहित्य एवं भारी मात्रा में दैनिक उपयोगी के सामग्री जब्त की गई है।

एसपी एमआर अहिरे ने बताया कि गतिविधियों की सूचना के बाद नक्सल मोर्चा संभालने वाली टीम ई-30(3) को ऑपरेशन पर लगाया गया। ताराझर पहाड़ी से लगे ओड़िसा सीमा पर सर्च कर रही थी, उस दरम्यान नक्सालियो के मौजूदगी के संकेत मिले। जहां से हथियार जब्त कर लिए गए हैं।

## 40 जवानों व 22 ग्रामीणों की हत्यारी, 50 लाख की ईनामी महिला नक्सली पति समेत गिरफ्तार

**» गिरफ्तार नक्सली ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश में थी सक्रिय**

**रायपुर/गढ़चिरौली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की गढ़चिरौली जिला पुलिस ने 40 जवानों और 22 ग्रामीणों की कातिल महिला नक्सली नर्मदा को उसके पति के साथ उड़ीसा प्रांत से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ाए नक्सली विस्फोट सहित कई संगीन वारदातों के मास्टर माइंड रहे हैं। नर्मदा की गिरफ्तारी पर सरकार ने 70 लाख रूपए का ईनाम घोषित किया था।


पुलिस के मुताबिक नर्मदा उड़ीसा के अलावे, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में भी नक्सली गतिविधि को संचालित करती थी। नर्मदा की 20 सालों से पुलिस तलाश कर रही थी। नर्मदा महाराष्ट्र के वेस्ट जोनल में सब कमांड की प्रमुख है। नक्सलियों की महिला बटालियन को भी नर्मदा ही लीड किया करती थी।

1 मई को गढ़चिरौली में सर्चिंग पर निकले जवानों के वाहन को आईईडी ब्लास्ट से उड़ा दिया गया था। इस घटना की भी मास्टर माइंड नर्मदा ही थी, जो वारदात के वक्त मौके के आसपास मौजूद थी। इस वारदात में 15 जवान शहीद हो गए थे। वहीं उसका पति किरण भी ग्रामीण इलाकों में नक्सली गतिविधियों को संचालित किया करता है। यही नहीं नये-नये लोगों को नक्सली संगठन में शामिल करने के लिए प्रेरित करने का भी वह सक्रिय रहा है।



गिरफ्तार महिला नक्सली नर्मदा पर 40 से अधिक पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोप है, वहीं उड़ीसा और अन्य राज्यों में 25 से ज्यादा ग्रामीणों की हत्या में भी इसका हाथ है। अकेले उड़ीसा में ही 20 से ज्यादा ग्रामीणों को मुखबिरी के शक में इस महिला नक्सली ने अपने साथियों के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा है।

## चिटफंड कंपनी सांई प्रसाद की कोरबा की संपत्ति कुर्की का अंतरिम आदेश जारी




**कोरबा (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कार्यवाही कर निवेशकों को उनकी राशि वापस दिलाने के अभियान में तेजी से काम किया जा रहा है। जिले की कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने भी कोरबा की एक कंपनी सांई प्रसाद कंपनी के विरूद्ध परिसंपत्तियों के कुर्की का अंतरिम आदेश जारी कर दिया है। इस कंपनी का कार्यालय सांई वन्दा काम्पलेक्स विजया टाकिज के पास टीपी नगर कोरबा में था, जो वर्तमान में बंद है। कंपनी के विरूद्ध बालकोनगर थाना में धारा 420, 406, 409, 120 बी 34 भादवि और छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 एवं ईनामी चिटफंड धन परिचालन अधिनियम 1978 की धारा 3, 4, 5 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कंपनी की इंदिरा व्यवसायिक सह आवासीय केंद्र एवं टीपी नगर कोरबा के अंतर्गत 2400 वर्ग फुट क्षेत्रफल के भूखंड और उस पर बने दो मंजिला पक्के मकान को कुर्की करने का अंतरिम आदेश कलेक्टर ने जारी किया है। उक्त संबंध में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा के न्यायालय में भी प्रकरण विचाराधीन है। न्यायालय द्वारा अंतिम आदेश जारी हो जाने पर संपत्तियों की कुर्की की जायेगी।

जारी किये गये आदेश के अनुसार बालकोनगर थाने में सांई प्रसाद कंपनी के विरूद्ध पंजीकृत अपराध क्रमांक 301/2015 के संबंध में तहसीलदार, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, नगर निगम आयुक्त द्वारा संपत्तियों का परीक्षण कर प्रतिवेदन दिया गया है। तहसीलदार एवं एसडीएम के प्रतिवेदन के अनुसार मौजा कोरबा पटवारी हल्का नंबर 09 की भूमि खसरा नंबर 188/1/क/1 रकबा 109.35 हेक्टेयर नजूल भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि इंदिरा व्यवसायिक सह आवासीय केंद्र एवं टीपीनगर कोरबा के अंतर्गत भूखंड क्रमांक 177 आकार 2400 वर्ग फुट गुरू शरण सिंह पिता नाहर सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक मेसर्स सांई प्रसाद फुड्स लिमिटेड कोरबा को नगर पालिक निगम द्वारा तीस वर्षीय लीज पर 10.06.2008 को उपलब्ध कराई गई थी। इसी भूखंड पर चिटफंड कंपनी का कार्यालय भी संचालित था जो वर्तमान में बंद है। नगर निगम आयुक्त ने अपने प्रतिवेदन में उल्लेखित किया है कि इस भूखंड और उस पर निर्मित दो मंजिला पक्के मकान के संबंध में किसी भी प्रकार की देनदारी एवं ऋण संबंधी दायित्व लीज लेने वाले गुरूशरण सिंह, मेसर्स सांई प्रसाद फुड्स लिमिटेड कोरबा के हैं। नगर पालिक निगम कोरबा ने अपने प्रतिवेदन में यह भी उल्लेखित किया है कि किसी भी प्रकार की देनदारी या ऋण संबंधी दावों की वसूली के लिए सक्षम प्राधिकारी या न्यायालय द्वारा कार्यवाही करके संपत्ति नीलाम की जाती है तो नीलामी की कार्यवाही के परिपालन में नगर पालिक निगम कोरबा के अभिलेख में नीलामी में संपत्ति क्रय करने वाले क्रेता के नाम पद दर्ज करने में नगर पालिक निगम को कोई आपत्ति नहीं है।

## जिले में 6 हजार से अधिक "रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" का निर्माण

**» बनेगा नया रिकार्ड**

**कांकेर (आरएनएस)।** घटते भू-जल स्तर की समस्याओं को नियंत्रित करने के लिये जिला प्रशासन द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग अभियान 15 जून तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में 6 हजार से अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाये जाएंगे, प्रत्येक अनुविभाग (राजस्व) अंतर्गत 1500 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं जमीनी स्तर के अधिकारी-कर्मचारी इस कार्य में अपना योगदान देंगे। इस संबंध में मंगलवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय



ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और नगरीय निकायों के अभियंता, उप अभियंता आदि को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के संबंध में तकनिकी जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा समय सीमा बैठक में भी उपस्थित कलेक्टर के.एल. चैहान एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के समक्ष रेन वाटर हार्वेस्टिंग की तकनीक पर प्रस्तुतिकरण किया गया।

## लोगों को ठगने का काम करेंगे ईशान और जान्हवी?

रानी मुखर्जी और अभिषेक बच्चन की हिट फिल्म बंटी और बबली के सीक्वल पर काम शुरू हो चुका है. साल 2005 में आई इस फिल्म के रीमेक की कास्ट भी फाइनल हो चुकी है. खबर है कि इस फिल्म के लिए जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर को फाइनल कर लिया है. साल 2018 में आई धड़क से डेब्यू करने के बाद ये ईशान और जान्हवी की साथ में दूसरी फिल्म होगी. 14 साल बाद दोबारा दर्शकों को गुदगुदाने आ रही ये फिल्म इस बार बंटी और बबली अगेन के नाम से आएगी.



2005 में इस फिल्म ने दर्शकों को खूब हंसाया था. रानी और अभिषेक ठग के किरदार में नजर आए थे जो लोगों को बेवकूफ बनाया करते थे. साथ काम करते-करते उन्हें एक दूसरे से प्यार हो जाता है और आखिर वह शादी कर लेते हैं और ठगी की राह भी छोड़ देते हैं. अब इस कहानी को सीच्ल में किस तरह आगे बढ़ाया जाता है ये देखना दिलचस्प होगा. खबर है कि रानी और अभिषेक इस फिल्म में कैमियो कर सकते हैं. लेकिन अब ये तो फिल्म आने पर ही साफ हो पाएगा.

अभी तो ईशान और जान्हवी के नाम पर भी कोई पुष्टि नहीं हुई है. इन दोनों कलाकारों के नाम को लेकर अभी तक ऑफीशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है. फिल्म के डायरेक्टर को लेकर भी नाम तक कनफर्म नहीं किया गया है. पहले ये फिल्म शाद अली ने डायरेक्ट की थी. इस बार कयास लगाए जा रहे हैं कि एक बार फिर वही इस फिल्म की जिम्मेदारी उठा सकते हैं.

## फिल्म स्टार्स के बच्चों से कभी अपनी तुलना नहीं की : कृति सेनन



कृति सेनन ने कहा कि उन्होंने कभी भी फिल्म स्टार्स के बच्चों से अपनी तुलना नहीं की, क्योंकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी पहली फिल्म हीरोपंती में उनसे स्टार किड्स जैसा ही व्यवहार किया गया था। कृति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने खुद की तुलना फिल्मी सितारों के बच्चों से की है। ऐसा कोई समय नहीं आया जहां मुझे लगा कि मुझे अपनी तुलना करने की आवश्यकता है। हालांकि उनमें से एक के साथ मेरे करियर की शुरुआत हुई।

ऐक्ट्रेस का कहना है कि दोनों को (उन्हें और टाइगर श्रॉफ को) न केवल समान माना जाता था, बल्कि एक ही तरह से उनका प्रचार भी किया जाता था। उन्होंने कहा, टाइगर और मैं दोनों समान रूप से नए थे। हम छोटे बच्चों की तरह सीख रहे थे। सौभाग्य से, मेरे निर्माता और निर्देशक ने हमेशा फिल्म को एक नहीं बल्कि दो नए कलाकारों के डेब्यू के रूप में लिया। मुझे कभी कोई अंतर महसूस नहीं हुआ। उन्होंने कहा, जिस तरह हमारे साथ व्यवहार किया गया, हमें प्रमोट किया गया, यह बिल्कुल समानता वाली बात थी।

## ऐक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी ने घटाया वजन

बाहुबली फेम और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की ऐक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी अपने वजन को कम करने के बाद चर्चा में हैं। अनुष्का शेट्टी ने वजन घटाने के लेकर एक बुक लॉन्च की है। बुक का नाम द मैजिक वेट लॉस पिल है।

किताब के कवर पेज पर अनुष्का शेट्टी और न्यूट्रीशिनस्ट ल्यूक काउटीनो की फोटो है। इस किताब की भूमिका जानी मानी बॉलिवुड ऐक्ट्रेस और फिटनेस को लेकर काफी सजग रहने वाली शिल्पा शेट्टी ने लिखी है।

इस बुक में वजन घटाने के 62 तरीके बताए गए हैं। वजन घटाने के तरीके के अलावा इस बुक में बीमारियों को रोकने और उनके इलाज के बारे में भी बताया गया है।

जैसा कि सभी जानते हैं कि फिट और हेल्दी लाइफस्टाइल के कारण ही फिट और हेल्दी लाइफ होती है। बता दें कि जब से अनुष्का ने अपने स्लिम लुक की फोटो शेयर की है, तब से उनके फैंस उनके वजन घटाने के तरीके पूछ रहे थे। अनुष्का शेट्टी ने अपनी किताब की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।



अनुष्का शेट्टी के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने कई तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम किया है। प्रभाष और अनुष्का की फिल्म बाहुबली और बाहुबली 2 ने कई रेकॉर्ड तोड़ दिए थे। बताते चलें कि अनुष्का शेट्टी और प्रभाष के अफेयर के चर्चे फिल्मी गलियारों में आम हो चुके हैं।